# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

## शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

गुरुवार, 18 सितंबर 2025 | ● वर्ष - 07 | ● अंक 38 | ● पृष्ठ 02 | ● UAN NO . RJ21D0011677 | ● www.reporttimes.in




# दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामले के दोनों मुख्य शूटर ढेर

## हरियाणा के थे दोनों बदमाश सोनीपत STF ने ट्रेस की लोकेशन


एजेंसी. चंडीगढ़। बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के बरेली स्थित आवास पर हुई फायरिंग की वारदात में शामिल दोनों मुख्य शूटरों को एक संयुक्त एनकाउंटर में मार गिराया गया। ये मुठभेड़ गाजियाबाद की ट्रॉनिका सिटी इलाके में हुई, जहां सोनीपत STF, दिल्ली पुलिस की काउंटर यूनिट और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम ने मिलकर यह ऑपरेशन अंजाम दिया।

**रोहतक और सोनीपत के थे बदमाश :** दोनों बदमाशों की पहचान रविन्द्र पुत्र कल्लू निवासी कहनी, रोहतक और अरुण पुत्र राजेंद्र निवासी इंडियन कॉलोनी, गोहना रोड, सोनीपत के रूप में हुई थी। दोनों पर 12 सितंबर को बरेली के सिविल लाइंस इलाके में दिशा पाटनी के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग करने का आरोप था। उस दिन तड़के करीब 3:45 बजे, बाइक सवार दो बदमाशों ने 8-10 राउंड गोलियां चलाई थीं। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

**गैंग कनेक्शन की भी पुष्टि :** सूत्रों के मुताबिक, दोनों शूटर रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े हुए थे। एनकाउंटर स्थल से ग्लॉक और जिगाना पिस्टल सहित भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। यह गिरोह पहले भी बॉलीवुड हस्तियों और बड़े उद्योगपतियों को टारगेट करने के मामलों में सामने आ चुका है।

**STF की प्लानिंग और ऑपरेशन :** इस ऑपरेशन का नेतृत्व सोनीपत STF यूनिट के इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार कर रहे थे। STF को काफी समय से इन दोनों की लोकेशन ट्रेस हो रही थी। बुधवार सुबह जैसे ही दोनों आरोपियों की मौजूदगी गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी में पुख्ता हुई, वैसे ही STF ने उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर एक तेज़तर्रार कार्रवाई को अंजाम दिया। मुठभेड़ के दौरान दोनों शूटरों ने पुलिस पर फायरिंग की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

**अब आगे क्या? :** इस मामले को लेकर सोनीपत STF और यूपी पुलिस की टीमें अब पूरी वारदात की कड़ी से कड़ी जोड़ने में लगी हैं. साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इन शूटरों को किसने सुपारी दी थी और क्या दिशा पाटनी या उनके परिवार को किसी तरह की धमकी दी गई थी.



# नया भारत परमाणु धमकी से नहीं डरता : PM मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार की जनसभा में पाकिस्तानी आतंकियों और जैश-ए-मोहम्मद पर बोला हमला

एजेंसी. बदनावर। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने धार जिले के बदनावर में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने स्वीकार किया है कि उनके हैडक्वाटर पर भारत ने हमला किया। हमारे सैनिकों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। पीएम मोदी ने कहा कि यह नया भारत है और इसे परमाणु ब्लैकमेल का डर नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा "देश मां भारती की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने भी ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया है। पीएम ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों के बल ला दिया। कल ही देश और दुनिया ने देखा, कि एक पाकिस्तानी आतंकी यानि जैश-ए-मोहम्मद ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। पीएम ने कहा कि यह नया भारत है, यह किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है। यह नया भारत है, घर में घुसकर मारता है।

इसके बाद पीएम ने कहा कि आज 17 सितंबर को एक और ऐतिहासिक अवसर है. आज के दिन देश ने सरदार वल्लभाई पटेल की फौलादी इच्छाशक्ति का उदाहरण देखा था। भारतीय सेना ने हैदराबाद को कई अत्याचारों से मुक्त कराकर उनके अधिकारों की रक्षा करके भारत के गौरव को फिर से स्थापित किया था। देश की इतनी बड़ी उपलब्धि और सेना के शौर्य को कई दशक बीत गए, कोई याद करने वाला नहीं था, लेकिन आपने हमें मौका दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 17 सितंबर हैदराबाद की घटना और सरदार पटेल को अमर कर दिया। हमने इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे मनाने की शुरूआत की है। आज हैदराबाद में लिबरेशन डे का आयोजन किया जा रहा है। मां भारती की आन-बान-शान से बढ़कर कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बदनावर से 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' और 'राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा विकसित भारत के 4 प्रमुख स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान. यहां से स्वस्थ नारी और सश्क्त परिवार एक महाअभियान का प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा देश की माताओं और बहनों ने मुझे बहुत आशीर्वाद दिया है, आपका आशीर्वाद मेरा रक्षा कवच है। इस दौरान पीएम ने जनसभा में मौजूद महिलाओं से कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर मैं आपसे कुछ मांगने आया हूं. उन्होंने स्वास्थ्य कैंप में जाकर जांच कराने की मांग की।




# युवा संसद के समापन पर पहुंचे तेलंगाना के राज्यपाल

# बोले- राष्ट्रवाद सबसे बड़ा पंथ

रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। तीन दिवसीय भारतीय युवा संसद का इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में बुधवार को समापन हुआ। इस मौके पर तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव बर्मन मौजूद रहे। उन्होंने भारत के 'विजन 2047' और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को सबसे ऊपर बताया। कार्यक्रम के समापन में विजन 2047, राष्ट्रवाद और युवा पीढ़ी की लोकतांत्रिक भूमिका जैसे विषयों पर बात की गई।

**सबसे बड़ा पंथ राष्ट्रवाद:** राज्यपाल बर्मन ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे 'राष्ट्र प्रथम' होना चाहिए। इसके लिए किसी धर्म या राजनीतिक दल के विचार से ऊपर का पंथ राष्ट्रवाद होना चाहिए। भारतीय संविधान को लेकर तेलंगाना के राज्यपाल ने कहा कि इसकी पहली पंक्ति में लिखा गया है- 'वी द पीपल ऑफ इंडिया'- यह हमें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनाता है। कार्यक्रम में शिलांग की नेहू यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर प्रभा शंकर शुक्ला और मिजोरम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिबाकर डेका और जयपुर के उप महापौर पुनीत कर्णावत मौजूद रहे।

**तीन दिन, तीन राज्यपाल:** कार्यक्रम के कन्वीनर आशुतोष जोशी ने बताया कि युवा संसद तीन दिन चली। इस दौरान तीन राज्यपालों की मौजूदगी रही। पहले दिन राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, दूसरे दिन लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंद्र गुप्ता और तीसरे दिन जिष्णु देव बर्मन का संबोधन हुआ। अंतिम दिन बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल बर्मन ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को सीख दी कि वे सवाल पूछने की प्रवृत्ति के साथ-साथ जवाबदेह भी बने। युवाओं ने भी देश-दुनिया, लोकतंत्र और वर्तमान की समस्याओं से जुड़े दो हजार सवाल पूछे। जोशी ने बताया कि लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर गुप्ता ने मई-जून में यूथ पार्लियामेंट के लिए उन्हें आमंत्रित किया है। वहीं हैदराबाद में तेलंगाना के राज्यपाल की ओर से इस साल के आखिर तक कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की गई है।

**विदेशी छात्रों ने भी की शिरकत:** भारतीय युवा संसद के इस संस्करण में भारत के कई राज्यों के प्रतिभागी आए। इसमें पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल थे. साथ ही 13 देशों से आए छात्रों ने भी शिरकत की।

विश्व कीर्तिमान

# अहमदाबाद में एक ही दिन में 56256 यूनिट रक्तदान के बनाया विश्व कीर्तिमान




संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. अहमदाबाद। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की पुर्व संध्या 16 सितम्बर 2025 मंगलवार को मददगार परिवार ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और सहयोगी ब्लड बैंकों के सहयोग से मात्र 8 घंटे के भीतर 378 स्थानों में 56,256 युनिट रक्तदान एकत्रित करके रक्तदान के क्षेत्र में रचा नया विश्व रिकॉर्ड। ओडब्ल्यूआर ने एक नया आधिकारिक विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए अहमदाबाद, गुजरात प्रांत, भारत के मददगार परिवार को प्रमाणित किया है।

रक्त कहीं बनता नहीं है साहब
बड़ा मन रखना होता है,
अपनी दैनंदिनी में से ही
समय को चुराना होता है,
मानवीय कर्त्तव्य समझकर
रक्तदान करना होता है,
तब जाकर कहीं पूर्ति हो पाती है
किसी के सपनों का सहारा बनने में
तो किसी की ज़िंदगी को बचाने में ।
अद्भुत आनंद की सात्विक अनुभूति का
सबसे सरल सहज तरीका है,स्व रक्त प्रवाह दर्शन ।
अपने रक्त का प्रवाह होते हुए
किसी की मदद निमित्त
स्वयं प्रत्यक्ष देखिए,
सच में सुकून मिलेगा ।
परस्पर समभाव की प्रभावी पहचान
बचाए किसी का जीवन करके रक्तदान।
ज़िंदगी बहुत छोटी है दोस्त,
इसे बड़ी करने का
बस एक ही तरीका है-
मानव मन होने के नाते
कुछ तो ऐसी
निःस्वार्थ निशानी छोड़िए
कि लगे आप
उस जीवनपथ से गुजरे है।
मौक़ा दीजिये अपने ख़ून को
किसी की रगों में बहने का,
ये लाजवाब तरीका है
कई जिस्मों में ज़िंदा रहने का।



# चिड़ावा के श्री देवी मंदिर में 22 को होगा नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव मेला 2025 का आगाज




नवरात्र महोत्सव और मेले के पोस्टर का विमोचन करते हुए पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी, नीतिका थालौर व अन्य महिलाएं।

## आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का होगा महासंगम

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर में 22 सितंबर से नवरात्रि एवं दशहरा महोत्सव मेले की शुरुआत हो जायेगी। बावलिया पण्डित जी की शिवनगरी की धरा एक बार फिर भक्ति, संस्कृति और उल्लास के रंगों में रंगने को तैयार है। पुरानी बस्ती स्थित देवी जी मन्दिर में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के लिए मन्दिर कमेटी द्वारा तैयारियां की जा रही है। आयोजन समिति के अनिल जोशी ने बताया कि यह महोत्सव मात्र एक मेला नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना व सामुदायिक सौहार्द का एक अनूठा संगम होगा, जो हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। आगामी 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक, श्री देवी जी मन्दिर, टीबड़ा गेस्ट हाउस के पास, 11 दिवसीय "नवरात्री एवं दशहरा महोत्सव मेला 2025” के दौरान यहां आने वाले लोगों के लिए सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों, संगीत, नृत्य के साथ पारंपरिक मेले की सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।


ये रहे मौजूद : पोस्टर के विमोचन के अवसर पर चेयरमैन सुमित्रा सैनी, नीतिका थालोर, रेखा हिम्मतरामका, आंचल भगेरिया, श्रेया व्यास, सुधा जांगिड़, पूजा भगेरिया, अनुपमा, मंजू वर्मा, सोना चेतनीवाल, बिंदु टेलर, ज्योति शर्मा, विजयलक्ष्मी, मनोहर लाल जांगिड़, अशोक जोशी, ललित भगेरिया, प्रदीप पुजारी, अंकित भगेरिया, अनिल जोशी, रमेश जांगिड़, महेश हिम्मतरामका, संदीप हिम्मतरामका, महेन्द्र चौमाल, मुकेश पुजारा, संजय शर्मा, महेन्द्र कुमावत, कै. शंकर लाल, गोपाल महमिया, अमित कुठानिया, शशिकांत कुठानिया, राजीव व्यास, विजय नरहड़िया, सुरेन्द्र वैद, अजय कुमार बागड़ी, नथमल शर्मा, संजय वर्मा माइकल, राजकुमार जिसपाल, शुभकरण बजाज, मूलचंद नहरड़िया, रामजी लाल चेजारा, आशीष जिंदल, ओमप्रकाश जालिंद्रा, पवन पांडे सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मेला ग्राउंड पर 11 दिन रहेगी चहल पहल, रावण दहन भी होगा डांडिया नाइट्स भी

22 सितंबर 2025 को सायं 7 बजे उद्घाटन समारोह के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसी दिन सायं 7.15 बजे से अभिषेक मिश्रा द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सायं 7 बजे आरती का आयोजन होगा। दोपहर 3.15 से 5.15 बजे तक गरबा व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जबकि सायं 7 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक रंगारंग संध्या सजेगी। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में रामायण पाठ, दुर्गा चालीसा, अमृतवाणी पाठ, काव्य गोष्ठी, हवन, माता के 9 रूपों की झांकी सहित वर्णन, जीणमाता पाठ, सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा शामिल हैं। इसके साथ ही, शॉपिंग, खाने-पीने के स्टॉल और मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहेंगे। एक अक्टूबर को सुबह 11 बजे से देवी इच्छा पर्यंत विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

विजयादशमी के पावन अवसर पर दो अक्टूबर को सायं 6 बजे बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

दो अक्टूबर को ही शाम 7 बजे से समाज की विभिन्न विभूतियों के सम्मान समारोह का आयोजन होगा। महोत्सव के दौरान "डांडिया नाइट" भी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर देवी जी मन्दिर में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी को जिम्मेदारीयां सौंपी गई। इस अवसर पर महोत्सव के पोस्टर का भी मन्दिर प्रांगण में विमोचन किया गया।



## सुरेश भूकर भरवाएंगे चिड़ावा की सड़कों के गड्ढे

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा. बीते लंबे समय से चिड़ावा नगरपालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गो में सड़कों की हालत दयनीय हो रखी है। जगह जगह मुख्य मार्गो पर सड़को में गड्ढों की वजह से लोगो को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है। होने की वजह से जनहानि हो रही है। इस समस्या को अनदेखा होता देख भाजपा नेता सुरेश भूकर ने इस समस्या को निजात दिलाने का संकल्प बीड़ा उठाने का फैसला किया है। भाजपा नेता सुरेश भूकर ने बताया कि क्षेत्रवासियों की समस्या को अनदेखा ने बताया कि कबूतरखाना बस स्टैंड से मुख्य बाजार तक जितने भी गड्ढ़े है उन्हें स्वयं के खर्चे पर पेच वर्क करते हुए गड्ढों को भरवाने का संकल्प लिया है। पेचवर्क होने से कम से कम राहगीरों-व्यापारियों को समस्या से निजात मिलेगी।